# श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में,चैंपियन आस्ट्रेलिया बाहर

**सिडनी (एजेंसी)।**

**श्रीलंका पर 4 विकेट से जीत दर्ज कर जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड ने टी 20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप-1 से न्यूजीलैंड के बाद नॉकआउट स्टेज में पहुंचने वाली इंग्लैंड दूसरी टीम बनी है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने इंग्लैंड को 142 रनों का लक्ष्य दिया था, इस स्कोर को इंग्लिश टीम ने 2 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया।**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर बोर्ड पर 141 रन लगाए हैं। श्रीलंका को इस स्कोर तक पहुंचाने में सलामी बल्लेबाज निसंका ने अहम भूमिका निभाई जिन्होंने 45 गेंदों पर 2 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 67 रनों की पारी खेली। निसंका के अलावा भानुका राजपक्षे (22) ही 20 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे। इंग्लैंड के लिए मार्कवुड ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 142 रनों की दरकार है। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जोस बटलर और ऐलेक्स हेल्स ने इंग्लैंड को धमाकेदार शुरुआत दी थी। पावरप्ले में इंग्लैंड ने बिना विकेट खोए 70 रन जोड़े थे। इंग्लैंड को पहला झटका बटलर के रूप में 75 के स्कोर पर लगा। बटलर 28 के निजी स्कोर पर हसरंगा का शिकार बने। इसके बाद इस



लेग स्पिनर ने हेल्स को 47 के निजी स्कोर पर आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका 10वें ओवर में दिया। इंग्लैंड को तीसरा और चौथा झटका क्रमशः ब्रुक्स (4) और लिविंगस्टोन (4) के रूप में लगा। 111 रन पर 5 विकेट खोने के बाद इंग्लैंड के लिए एक बार फिर बेन स्टोक्स संकट मोचक बने और 42 रनों की पारी खेल उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाई।

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने इस मुकाबले में अपनी टीम के प्रदर्शन को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी। बटलर ने कहा कि जिस तरह मैच क्लोज गया, मैंने लुत्फ़ नहीं उठाया। हमने मैच जीतने का रास्ता निकाल लिया। इस तरह की स्थिति बेन स्टोक्स के लिए ही बनती है। टी20 सेटअप में वह हमारे लिए काफी भूमिकाएँ निभा सकते हैं। यह इस्तेमाल किया हुआ विकेट था और श्रीलंका ने बेहतरीन शुरुआत की इसलिए हमें लगा कि यह ऐसे ही रहेगा। जिस तरह से आदिल राशिद ने हमारी वापसी कराई, यह शानदार था।इंग्लिश कप्तान ने आगे कहा कि राशिद के पास विकेट नहीं थे लेकिन वह गेंदबाजी अच्छी कर रहे थे। सैम करन को लेकर उन्होंने कहा कि वह टीम के अहम सदस्य हैं और इस तरह के पल में रहना पसंद करते हैं। मुझे लगता है कि एलेक्स हेल्स के लिए आया वह एक ओवर श्रीलंका से गेम दूर ले गया। अब एडिलेड में जाकर सेमीफाइनल के बारे में सोचना है। मैं काफी उत्साहित हूँ।

### स्कोर बोर्ड

**श्रीलंका:** निसंका कै. सब. (सी जे जॉर्डन) बो. रशीद 67, मेंडिस कै. लिविंगस्टन बो. वोक्स 18, डीसिल्वा कै. स्टोक्स बो. करन 9, असलंका कै. मलान बो. स्टोक्स 8, राजापक्षा कै. एस करन बो. वुड 22, शानका कै. बटलर बो. वुड 3, हसरंगा रन आउट 9, करुणारत्ना कै. हेल्स बो. वुड 0, थीक्षना (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 5, **कुल** (20 ओवर में) 8 विकेट पर 141रन। **विकेट पतन:** 1-39, 2-72, 3-84, 4-118 , 5-127, 6-140 , 7-141, 8-141। **गेंदबाज़ी:** स्टोक्स 3-0-24-1, वोक्स 3-0-24-1, वुड 3-0-26-3, करन 4-0-27-1, रशीद 4-0-16-1, लिविंगस्टन 2-0-16-0, मोईन 1-0-5-0 ।

**इंग्लैंड:** बटलर कै. करुणारत्ना बो. हसरंगा 28, हेल्स कै.एंड बो. हसरंगा 47, स्टोक्स (नाबाद) 42, ब्रूक कै. एंड बो. धनंजय 4, लिविंगस्टन कै. धनंजय बो. कुमारा 4,मोईन कै. शानका बो. धनंजय 1, करन कै. रजिता बो. कुमारा 6, वोक्स (नाबाद) 5, **अतिरिक्त** 7, **कुल** (19.4 ओवर में) 6 विकेट पर 144 रन। **विकेट पतन:** 1-75, 2-82, 3-93, 4-106, 5-111, 6-129। **गेंदबाज़ी:** थीक्षना 4-0-22-0, रजिता 3-0-40-0, कुमारा 3.4-0-24-2, हसरंगा 4-0-23-2, डीसिल्वा 4-0-24-2,असलंका 1-0-8-0 ।

द्रविड़ से उलट अश्विन को मैच-अप रणनीति पर में भरोसा नहीं

# सुपर-4 में पहुंचने के इरादे से आज जिम्बाब्वे से भिड़ेगा भारत

**मेलबर्न (एजेंसी)।**



भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन प्रक्रिया के अनुसार चलना पसंद करते हैं और वह मैच-अप पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रहना चाहते हैं, जो कि टी20 क्रिकेट में काफी प्रचलित हो रहा है। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ मैच-अप में काफी विश्वास रखते हैं और पिछले कुछ समय से इस पूर्व भारतीय कप्तान की देख-रेख में टीम प्रबंधन आंकड़ों के अनुसार फैसले करता रहा है। अश्विन ने जिंबाब्वे के खिलाफ सुपर 12 के अंतिम मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ियों के लिए मैच-अप में विश्वास करना स्वाभाविक तौर पर जरूरी है, लेकिन यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर टीम अपनी रणनीति तैयार कर रही हैं।

मैच-अप एक अवधारणा है जिसमें आंकड़ों के आधार पर कोई टीम यह तय करती है कि कौन सा गेंदबाज किस बल्लेबाज पर हावी हो सकता है और किस खास समय में कौन सा बल्लेबाज चल सकता है. अश्विन ने कहा,'इसका (मैच-अप) का एक पहलू तमाम चीजों के लिए रणनीति बनाना है लेकिन एक गेंदबाज के तौर पर आपको लगातार कई बल्लेबाजों के लिए गेंदबाजी करनी होती है । अश्विन इस पर विश्वास नहीं करते कि किसी एक गेंदबाज को किसी एक खास बल्लेबाज को ही गेंदबाजी करनी चाहिए। उन्होंने कहा,मेरा मानना है कि यह चीज मौजूद है और उसे निश्चित तौर पर विकसित किया जा रहा है। एक खेल इकाई के तौर पर इस पर विश्वास करना मुश्किल है कि यह गेंदबाज उस खास बल्लेबाज के लिए ही गेंदबाजी करेगा. इस तरह से काम नहीं चल सकता है, लेकिन मेरा मानना है कि इससे टीमों को रणनीतिक लाभ मिल रहा है । उन्होंने कहा कि एक गेंदबाज के तौर पर आपको यह पता होना चाहिए कि दबाव कैसे बनाया जा सकता है। अश्विन ने कहा,'आपके लिए यह जानना जरूरी है कि कमजोर पक्ष क्या है। आपको उस पर लगातार काम करना होता है और फिर बेहतर बनना पड़ता है।

बर्थडे पर कोहली का खुलासा

# ऑस्ट्रेलिया में परफॉर्म करने पर मिलती है इज्जत

**मेलबर्न (एजेंसी)।**



ये बात किसी से छिपी नहीं है कि क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर की ही तरह विराट कोहली को भी ऑस्ट्रेलिया में खेलना पसंद है। लेकिन अपने जन्मदिन के मौके पर खुद विराट कोहली ने इस बात को कबूल किया है। कोहली ने कहा कि उन्हें अब ऑस्ट्रेलिया में खेलना अजनबी जैसा नहीं लगता। कोहली ने कहा कि पता नहीं क्या है ऑस्ट्रेलिया में कि उन्हें बहुत ही कम्फर्टेबल फील होता है। वैसे इसमें कोई शक नहीं है कि विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया में खेलना बहुत पसंद है। कोहली को न केवल ऑस्ट्रेलिया में खेलना पसंद है बल्कि इस देश में उनकी फैन फॉलोइंग बेशुमार है। कोहली के जन्मदिन के मौके पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने उनका एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में कोहली ऑस्ट्रेलिया को लेकर अपने दिल की बात बता रहे हैं। कोहली कहते हैं, जब मैं यहां आता हूं तो पता नहीं क्या है यार, एक कम्फर्टेबल (आरामदायक) फीलिंग आती है। यहां पर एक चीज मैंने देखी है कि अगर आप यहां परफॉर्म करते हैं तो आपको इज्जत बहुत मिलती वो मुझे अभी पता चलता है। केवल भारतीय फैन ही नहीं बल्कि जब मैं रोड पर जाता हूं तो लोकल भी मिलते हैं और बहुत इज्जत सम्मान करते हैं। विराट कोहली ऑस्ट्रेलियाई लोगों की तारीफ करते हुए कहते हैं, लोकल ऑस्ट्रेलियाई फैंस को खुशी होती है मुझे देख कर। मेरे को आउट ऑफ प्लेस कभी लगता ही नहीं है ऑस्ट्रेलिया में। मैं घूमता हूं तो ऐसा लगता है यार की यह अपनी ही जगह है। टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ तूफानी पारी खेलकर कोहली ने अपने फैन बेस में और भी इजाफा कर लिया है। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली आज अपना 34वां जन्मदिन मना रहे हैं। दिग्गज बल्लेबाज के जन्मदिन को लेकर कल से ही शुभकामनाओं का सिलसिला शुरू हो गया था और यह आज भी जारी ही है।

### सुपर 12 में आज के मैच

**दक्षिण अफ्रीका वि. नीदरलैंड एडिलेड में सुबह 5:30 बजे से**
**पाकिस्तान वि. बांगलादेश सुबह 9.30 से एडिलेड में।**
**भारत वि. जिम्बाब्वे दोपहर 1.30 से मेलबर्न में।**

# जिम्बाब्वे के मुकुलानी लड़ेंगे आईसीसी अध्यक्ष का चुनाव



**दुबई (एजेंसी)।** अगले सप्ताहांत में ज़िम्बाब्वे क्रिकेट के अध्यक्ष टावेंग्वा मुकुलानी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वर्तमान अध्यक्ष ग्रेग बार्कले के विरुद्ध अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। मुकुलानी ज़िम्बाब्वे क्रिकेट के प्रतिनिधित्व के तौर पर लंबे समय से आईसीसी का हिस्सा रहे हैं। छोटे व एसोसिएट सदस्यों से मिल रहे समर्थन के बाद उन्होंने अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए अपनी मंशा ज़ाहिर कर दी है। आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख़्वाजा भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन उन्होंने अब इस चुनाव से अपने क़दम पीछे हटा लिए हैं। ख़्वाजा को 2020 में बार्कले के हाथों करारी हार मिली थी। बार्कले को तब बीसीसीआई का समर्थन हासिल था जिसने उनके अध्यक्ष बनने का मार्ग प्रशस्त किया। दो राउंड की प्रतिस्पर्धा में उन्हें ख़्वाजा के पांच वोट के मुक़ाबले 11 वोट हासिल हुए थे। इसी वर्ष जुलाई में आयोजित आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में बार्कले ने दोबारा चुनाव लड़ने और फिर से दो वर्षीय कार्यकाल पाने की इच्छा ज़ाहिर कर दी। माना जाता है कि बार्कले अपनी संभावनाओं के बारे में आशावादी हैं, विशेष रूप से क्योंकि चुनाव नियमों में बदलाव किया गया है ताकि साधारण बहुमत के आधार पर विजेता तय किया जा सके। 2020 में जीतने वाले उम्मीदवार को 16 सदस्यों के बैलट से दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी। 16 वोट आईसीसी बोर्ड के 12 पूर्ण सदस्यों, एक स्वतंत्र निदेशक (इंद्रा नूई) और तीन एसोसिएट निदेशकों से हैं जिनमें ख़्वाजा भी शामिल हैं। ख़्वाजा को दो साल पहले प्रथम दौर में छह वोट मिले थे लेकिन दूसरे दौर में क्रिकेट साउथ अफ़्रीका के वोट ने बार्कले की दिशा में मुक़ाबले को मोड़ दिया।

## हार से हताश नबी ने छोड़ी कप्तानी



**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के बाद अफगानिस्तान का सफर ख़तम हो गया। मैच के बाद हार से निराश अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। नबी ने कहा कि, हमारा वर्ल्ड कप का सफर खत्म हो गया है। ऐसी निराशाजनक प्रदर्शन की हमे और फैंस को उम्मीद नहीं थी। नबी ने आगे लिखा कि, वे कप्तानी से इस्तीफा दे रहे है, लेकिन अफगानिस्तान के लिए वे क्रिकेट खेलते रहेंगे। जब भी टीम मैनेजमेंट को उनकी जरूरत होगी वे टीम में बतौर खिलाड़ी खेलते रहेंगे। अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाडी नबी ने इस साल टी-20 वर्ल्डकप में टीम का नेतृत्व किया। अफगानिस्तान के टूर्नामेंट में दो मैच बारिश की वजह से धूल गए। इससे उन्हें नुकसान हुआ। ग्रुप 1 में अफगानिस्तान 5 में से एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी। दो मुकाबले रद्द हो गए और बचे तीनों मैच में अफगान टीम को हार का सामना करना पड़ा। मोहम्मद नबी को पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के पहले कप्तानी सौंपी गई थी। इससे पहले राशिद खान टीम के कप्तान थे। नबी को इससे पहले 2010 में कप्तान बनाया गया था। नबी ने दूसरी बार बतौर कप्तान कुल 23 टी-20 मैच की कप्तानी की।

# भारत को कोहली पर निवेश का फल मिल रहा है: पोंटिंग

**मेलबर्न (एजेंसी)।**



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि टी 20 क्रिकेट में उम्रदराज़ खिलाड़ियों का बोलबाला रहता है और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी इसमें कठिन परिस्थितियों में भी सफल होने का तरीक़ा ढूंढ लेते हैं। पोंटिंग के अनुसार कोहली तीनों प्रारूप के चैंपियन खिलाड़ी हैं और भारतीय टीम उनपर निवेश करके 15 साल बाद टी20 विश्व कप ख़िताब जीतने के प्रबल दावेदार हैं। लगभग तीन साल के बाद एशिया कप में अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ने के बाद कोहली उस फ़ॉर्म को विश्व कप में लेकर आए हैं। आईसीसी वेबसाइट से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा, भारत को उन पर लगातार निवेश करने का फल मिल रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि भारत अगले पड़ाव तक पहुंचेगा तो कोहली फ़ाइनल्स में कुछ यादगार करके दिखाएंगे। फ़िलहाल कोहली ने तीन अर्धशतकों के साथ टूर्नामेंट में 220 रन बनाए हैं और केवल एक पारी में आउट हुए हैं। रविवार को सुपर 12 के आख़िरी मुक़ाबले में भारत का सामना मेलबर्न में ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ होगा। पोंटिंग ने आगे कहा, मैंने यह भी समझा है कि टी20 क्रिकेट में उम्रदराज़ खिलाड़ियों का बोलबाला रहता है। जैसा हमें विराट कोहली दिखा रहे हैं, यह लाभदायक है कि आपको हर स्थिति में पता हो कि क्या करना होता है। उन्होंने ऐसी चुनौतियों का सामना किया है और वह इस अनुभव का फ़ायदा उठा सकते हैं। कोहली के बारे में पोंटिंग ने आगे कहा, वह लंबे समय से तीनों प्रारूप के चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं।

### खास खबर

## किदांबी श्रीकांत हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में

**सारब्रकेन।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी जॉनाथन क्रिस्टी को सीधे गेम में हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 11वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने अपना आखिरी खिताब 2017 में जीता था, लेकिन इस बार उन्होंने इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 39 मिनट में 21-13 21-19 से हराकर चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इस जीत से श्रीकांत का क्रिस्टी के खिलाफ रिकॉर्ड 6-5 हो गया है। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर इतिहास रचने वाले श्रीकांत का अगला मुकाबला विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी एंथनी सिनिसुका गिनटिंग से होगा. इन दोनों खिलाड़ियों के बीच आपसी रिकॉर्ड में अभी एंथनी 3-2 से आगे हैं।

## व्यापार

### खास खबरें

## बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दरों में तीन दशकों में सबसे बड़ी वृद्धि कहा- मंदी अभी जारी रहेगी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** बैंक ऑफ इंग्लैंड ने गुरुवार को ब्याज की आधार दर 0.75 प्रतिशत बढ़ाकर तीन प्रतिशत कर दिया है। यह पिछले तीन दशकों से अधिक समय में की गई सबसे बड़ी वृद्धि है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर बैंक ऑफ इंग्लैंड ने कहा है कि ब्रिटेन पहले से ही मंदी का सामना कर रहा है और इसके लंबे समय तक बने रहने की संभावना है।

केंद्रीय बैंक ने आने वाले वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दर के साथ लंबे समय तक ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में संकुचन रहने की चेतावनी दी है। उसके अनुसार ब्रिटेन में रिकॉर्ड दर्ज होना शुरू होने के बाद इतिहास में पहली बार लगातार आठ तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि बैंक ऑफ इंग्लैंड ने यह भी कहा है कि इसका असर वर्ष 2008-09 में और 1980 के दशक में आई मंदी से कम है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 6.561 अरब डॉलर बढ़कर 531 अरब डॉलर हुआ, स्वर्ण भंडार में भी इज़ाफा

**नई दिल्ली।**

**भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 28 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.561 अरब डॉलर बढ़कर 531.081 अरब डॉलर हो गया है। बता दें कि इससे पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में देश में विदेशी मुद्रा का समग्र भंडार 3.847 बिलियन डॉलर घटकर 524.52 डॉलर हो गया था।**

बता दें कि अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 बिलियन अमरीकी डालर के सर्वकालिक उच्चततम स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद वैश्विक परिस्थितियों के बीच केंद्रीय बैंक आरबीआई को



गिरते रुपये को बचाने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करना पड़ा है, जिससे इसमें गिरावट आई।

शुक्रवार को आरबीआई की ओर से जारी साप्ताहिक सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) जो समग्र भंडार का एक प्रमुख घटक है समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 28 अक्टूबर तक 5.772 बिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 470.847 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है। इसके अंतर्गत डॉलर, यूरो व पाउंड जैसी विदेशी मुद्रा आते हैं। इसके तहत डॉलर के मुकाबले अन्य विदेशी मुद्राओं पर पड़ने प्रभावों की भी गणना की जाती है। 28 अक्तूबर को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान देश के स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 556 मिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 37.762 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 185 मिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 17.625 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि आईएमएफ के साथ देश की आरक्षित स्थिति भी समीक्षाधीन सप्ताह में 48 मिलियन अमरीकी डालर बढ़कर 4.847 बिलियन अमरीकी डालर हो गई।

## टाइटन को 857 करोड़ रुपए का मुनाफा, 18 प्रतिशत रही ज्वैलरी बिजनेस की रेवेन्यू ग्रोथ

**नई दिल्ली।** टाइटन कंपनी को सितंबर 2022 तिमाही में 857 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ है। पिछले साल की सितंबर तिमाही के मुकाबले टाइटन का मुनाफा 33.7 पर्सेंट बढ़ा है। पिछले साल की जुलाई-सितंबर तिमाही में टाइटन को 641 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। टाइटन कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (ब्स्श्ब) में शुक्रवार को 2768.30 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2790 रुपये है। जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में टाइटन कंपनी का रेवेन्यू 22 पर्सेंट बढ़कर 8730 करोड़ रुपये रहा है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि के दौरान 7170 करोड़ रुपये था।

# रेलवे को ट्रेनों से तेजस 63 करोड़ का घाटा हर रोज खाली रह जाती हैं सैकड़ों सीट

**नई दिल्ली।**

**अगर किसी एक खास ट्रेन के 63 करोड़ रुपये का घाटा देने की खबर आपको पता चलें तो शायद पहली बार में आपको यकीन न हो और आप सोचने पर मजबूर हो जाएं। लेकिन यही पूरी तरह सही है। दरअसल, भारतीय रेलवे की तरफ से तीन साल पहले तेजस ट्रेनों का संचालन प्राइवेट ऑपरेटर्स के हाथों में सौंपा था।**

यह पहला मौका था जब रेलवे ने यह प्रयोग किया। लेकिन रेलवे का यह प्रयोग सफल नहीं हो रहा। फिलहाल दिल्ली से लखनऊ और मुंबई से अहमदाबाद के लिए तेजस ट्रेनों का संचालन किया जाता है। ये दोनों ही ट्रेनें बड़े घाटे में चल रही हैं। दिल्ली से लखनऊ वाया कानपुर सेंट्रल चलने वाली तेजस इस समय 27.52 करोड़ के घाटे में है। दरअसल, इस ट्रेन में यात्रियों के कम सफर करने के कारण ट्रेन घाटे में चल रही है। इस कारण तेजस के फेरे भी कम कर दिए गए हैं। पहले इस ट्रेन को हफ्ते में छह दिन चलाया जाता था लेकिन अब यह केवल चार दिन इस रूट पर चलती है। ट्रेन में रोजाना 200 से 250 सीटें खाली रह जाती हैं।

**ट्रेन में सीटें खाली रहने का कारण :** ट्रेन में सीट खाली रहने के दो प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। पहला यह कि तेजस एक्सप्रेस के आगे राजधानी और शताब्दी चलती हैं।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017